by E-mal
Emall ID- cdupjn_amroha@yahoo.con

# कार्यालय

## अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),

मौहल्ला सिरसागढ़ पड़की, बम्बूगढ़ चौराहा/न्यू रोडवेज बस स्टैण्ड के पीछे कांकर सराय वाई पास रोड, अमरोहा-244221

पत्रांक 2108 / न्यूज कटिंग / 85 दिनांक13-05-2026

सेवा में,

जिलाधिकारी,
अमरोहा।

**विषयः–** जनपद अमरोहा के दैनिक समाचार पत्र (दिनांक 13.05.2026) में हिन्दुस्तान में प्रसारित न्यूज के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक दैनिक समाचार पत्र हिन्दुस्तान (13.05.2026) में प्रसारित न्यूज अधोहस्ताक्षरी को व्हाट्सएप के माध्यम से प्राप्त हुयी है, के संदर्भ में खण्ड से सम्बन्धित आख्या निम्नानुसार प्रेषित है–

**अद्यतन आख्या निम्नानुसार है–**

| हैड लाइन | आख्या |
|---|---|
| **"तकनीकी खामी के चलते एक माह से पेयजलापूर्ति ठप,ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया"** | ➢ वर्तमान में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत स्वीकृत 495 नग पेयजल योजनाओं (राजस्व ग्राम 884) में 884 राजस्व ग्रामों के सापेक्ष 676 राजस्व ग्रामों में फर्म द्वारा पेयजलापूर्ति की जा रही है।<br><br>➢ 493 नग ओ.एच.टी. के सापेक्ष 200 नग ओ.एच.टी. का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है, अवशेष कार्य प्रगति पर हैं।<br><br>➢ जनपद में औसतन 95.56 प्रतिशत ग्रामीणो को पेयजल कनेक्शन देने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। अवशेष कार्य प्रगति पर हैं।<br><br>➢ पाइप लाइन बिछाने हेतु तोड़ी गयी सड़को को पाइप बिछाने के उपरान्त सड़क को मोटरेबल कर दिया जाता है तथा पेयजल कनेक्शन एवं हाईड्रोटैस्टिंग उपरान्त सड़को को स्थाई रूप से पुर्नस्थापित कर दिया जाता है।<br><br>➢ **भदौरा पेयजल योजना वि0ख0 हसनपुर** के कार्य M/S OMIL-JWIL (JV),NEW DELHI द्वारा कराये जा रहे है। उक्त ग्राम में शिरोपरि जलाशय का कार्य ग्राउण्ड लेवल तक पूर्ण, पम्प हाउस का कार्य 90 प्रतिशत पूर्ण, बाउड्रीवॉल का कार्य पूर्ण, पाइप लांइन का कार्य 11.56 कि0मी0 के सापेक्ष 11.34 कि0मी0 पूर्ण एवं सोलर अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण, गृह जल संयोजन 709 नग के सापेक्ष 609 नग पूर्ण एवं रास्तों की पूर्व में मरम्मत करा दी |

Scanned with CamScanner

Scanned with CamScanner

| | | |
|---|---|---|
| | | गयी है। उक्त के अतिरिक्त अवगत कराना है कि उक्त पेयजल योजना पर मोटर खराब होने के कारण पेयजल आपूर्ति बाधित है अधिशासी अभियन्ता वि0/यॉ0 द्वारा आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। |

उक्त के अतिरिक्त अवगत कराना है कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत भारत सरकार के पत्रांक W-11011/30/2021-JJM-1-DDWS दिनांक 16.10.2025 द्वारा कार्य पूर्ण करने की तिथि 31 दिसम्बर 2028 तक विस्तारित कर दी गयी है। माह दिसम्बर 2027 तक धन की उपलब्धता के अनुसार कार्य पूर्ण कर नियमित रूप से पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ कर दी जायेगी, सादर सूचनार्थ प्रेषित।

भवदीय

(चन्द्रहास)

अधिशासी अभियन्ता

**पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।**

प्रतिलिपिः— निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

**पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।**

प्रतिलिपिः— निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1— मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण) महोदय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।

2— अधीक्षण अभियन्ता महोदय, मण्डल कार्यालय उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) मुरादाबाद।

3— मुख्य विकास अधिकारी महोदय, जनपद अमरोहा।

4— जिला सूचना अधिकारी, अमरोहा।

5— अधिशासी अभियन्ता वि0/यॉ0 खण्ड कार्यालय उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण),मुरादाबाद को इस आशय के साथ कि उक्त योजना पर प्रभावी कार्यवाही करते हुए शीघ्र मोटर की मरम्मत कराने का कष्ट करें।

6— सम्बन्धित सहायक अभियन्ता/जू0इं0।

7— M/S OMIL-JWIL (JV),NEW DELHI को इस निर्देश के साथ कि उक्त पेयजल योजना मोटर की मरम्मत का कार्य पूर्ण कर नियमित रूप से पेयजल आपूर्ति कराना सुनिश्चित करें।

अधिशासी अभियन्ता

Scanned with CamScanner

Scanned with CamScanner

# तकनीकी खामी के चलते एक माह से पेयजलापूर्ति ठप, ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया

May 13, 2026 12:47 am IST

Newswrap हिन्दुस्तान अमरोहा

Preferred

हिन्दुस्तान

ई-पेपर HT Coins

होम राज्य देश IPL 2026 लाइव स्कोर चुनाव म


करते हुए, उन्होंने अधिकारियों से समस्या के समाधान की गुहार लगाई। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो वे आंदोलन करेंगे।

Story continues below advertisement



Scanned with CamScanner

Scanned with CamScanner




हसनपुर, संवाददाता। ब्लाक क्षेत्र के गांव भदौरा में जल जीवन मिशन योजना के तहत की जा रही पेयजलापूर्ति एक माह से ठप है। ग्रामीणों को पेयजल के लिए खासी परेशानी उठानी पड़ रही है। मंगलवार को गांव में प्रदर्शन करते हुए ग्रामीणों ने अफसरों का ध्यान समस्या की ओर दिलाते हुए समाधान की गुहार लगाई।प्रदर्शनकारियों ने कहा कि काफी समय से गांव में जल जीवन मिशन के तहत घर-घर पेयजल की आपूर्ति की जा रही थी। लेकिन, पिछले एक माह से तकनीकी कारणों के चलते पेयजलापूर्ति ठप है। ऐसे में उन लोगों को खासी परेशानी हो रही है, जिनके यहां समरसेबिल या हैंडपंप नहीं है।

Story continues below advertisement

पहले ये लोग सरकारी हैंडपंपों से पानी भरते थे लेकिन योजना शुरू होने से हैंडपंप की जरूरत खत्म हो गई। अब अधिकांश हैंडपंप ठप पड़े हैं। इस हालात में तमाम लोगों को दूसरे घरों से पानी मांगकर लाना पड़ रहा है। पशुओं के पीने के लिए भी दूर दराज से पानी ढोना मजबूरी बना है। आरोप लगाया कि कई



Scanned with CamScanner

Scanned with CamScanner

. जिम्मेदार अफसरों से समस्या समाधान की गुहार लगाई लेकिन समाधान नहीं हुआ। मांग करते हुए कि जल्द तकनीकी खराबी दूर कर पेयजलापूर्ति सुचारु कराई जाए। ऐसा न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी। प्रदर्शन करने वालों में कृष्ण कुमार शर्मा, अजहरुद्दीन सैफी, लाखन सिंह, होशियार अली, लोचन सिंह, आशिफ अली, देवराज सिंह, जुल्फकार, होशयार, उवैस अहमद, आनंद कुमार, जफरुद्दीन, गुलफाम अली आदि मौजूद रहे।

Voice of UP

लेखक के बारे में

Hind **Hindustan**

हिन्दुस्तान भारत का प्रतिष्ठित समाचार पत्र है। इस पेज पर आप उन खबरों को पढ़ रहे हैं, जिनकी रिपोर्टिंग अखबार के रिपोर्टरों ने की है।
...और पढ़ें

लेटेस्ट Hindi News, बॉलीवुड न्यूज, बिजनेस न्यूज, टेक, ऑटो

Amroha Latest News   Jal Jeevan Mission   Amroha N

Scanned with CamScanner

Scanned with CamScanner